हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 15 जनवरी 2026

04 मकर संक्रांति पर रंग-बिरंगी पतंगों से सजा आसमान...



07 धोखाधड़ी से ट्रक, डंपर लेकर कबाड़ में बेचने ...





## खबर संक्षेप

### सीहोर में रोजगार मेला 16 जनवरी को

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 16 जनवरी को सीहोर स्थित डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में प्रातः 11 बजे से युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जायेगा। रोजगार मेले में अनेक कंपनियों द्वारा लगभग 1696 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा एवं नये प्रकरण तैयार किये जायेंगे। इसके साथ ही आईटीआई विभाग द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिये युवाओं को चयनित किया जायेगा। इच्छुक आवेदक अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ 16 जनवरी को रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं।

### श्रमोदय आवासीय विद्यालय में प्रवेश के आवेदन 20 तक

**सीहोर।** मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा संचालित श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल में कक्षा 6 वीं, 7 वीं, 8वीं एवं 9वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को आयोजित की जाएगी। इसके लिए इच्छुक विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन पोर्टल www.mpsos.nic.in पर आवेदन की अंतिम तिथि 20 जनवरी 2026 है। इसके साथ ही परीक्षा के प्रवेश पत्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के पोर्टल www.mpsos.nic.in से डाउनलोड किये जा सकेंगे।

### उपसरपंच के पदों के निर्वाचन हेतु सम्मेलन 16 जनवरी को

**सीहोर।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालागुरू के. ने जिले के सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को जिले की पंचायतों में रिक्त उपसरपंच के पदों के निर्वाचन हेतु निर्वाचित पंचों का सम्मिलन आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देशानुसार यह सम्मिलन 16 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 (उत्तरार्द्ध) में पंच पदों के निर्वाचन परिणाम की घोषणा 5 जनवरी 2026 को संपन्न हो चुकी है।

# अफसरों ने जिस जमीन को पहले शासकीय बताया, उस पर अब निजी लोगों को कब्जा दिलाने की तैयारी, सूचना पत्र भेजे

## इछावर तहसील के ग्राम कुड़ी का मामला, काबिल कास्त में घोषित की गई है करीब 61.96 एकड़ शासकीय जमीन

### अब भोपाल निवासी विनीत गर्ग पिता गोविंद प्रसाद गर्ग को 5.722 हेक्टेयर पर कब्जा दिलाने की तैयारी

**सीहोर।** जिले की इछावर तहसील में जमीनों का खेल खुलेआम जारी है। यही कारण है कि जिस जमीन को पहले अधिकारियों ने शासकीय भूमि बताया था अब उसी जमीन पर निजी लोगों को कब्जा दिलाने के लिए सूचना पत्र भी भेजे गए हैं। यह मामला इछावर तहसील के ग्राम कुड़ी है, जहां पर करीब 25 हेक्टेयर (61.96 एकड़) जमीन को एसडीएम एवं तहसीलदार ने शासकीय भूमि बताया और अब तहसीलदार कार्यालय द्वारा इसी जमीन पर कब्जा दिलाने के लिए सूचना पत्र भी जारी कर दिए गए हैं। इससे साफ है कि जमीनों की सौदेबाजी में अधिकारियों की भी मिलीभगत है। इस मामले में कलेक्टर सीहोर को भी शिकायत की गई है।

जानकारी के अनुसार ग्राम कुड़ी की भूमि खसरा क्रमांक 31,32,33,34 एवं 35 रकबा करीब 61.96 एकड़ भूमि को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व इछावर एवं तहसीलदार इछावर द्वारा काबिल कास्त में शासकीय भूमि घोषित किया गया है। इसमें हल्का पटवारी कुड़ी द्वारा भी जांच प्रतिवेदन दिया गया है। शासकीय भूमि घोषित होने के बाद भी अब इस भूमि के खसरा क्रमांक 32/1, 37/1, 95/35 कुल रकबा 22.746 हेक्टेयर में से 5.722 हेक्टेयर भूमि पर विनीत गर्ग पिता गोविंद प्रसाद गर्ग निवासी भोपाल को कब्जा दिलाने एवं जब्बार पिता मुंशी, रानी बाई पत्नी धनराज, लीलाबाई पत्नी शोभाराम, उर्मिलाबाई पत्नी केवलराम, कृष्णगोपाल पिता बाबूलाल और महेंद्र पिता बापू को बेदखल करने सूचना पत्र भेजे गए हैं। यह सूचना पत्र राजस्व निरीक्षक मंडल 2, पटवारी हल्का नंबर 39 तहसील इछावर जिला सीहोर से 9 जनवरी 2026 को जारी किया गया है, जिसमें कहा गया है कि 16 जनवरी 2026 को 11 बजे आवेदक विनीत गर्ग पिता गोविंद प्रसाद गर्ग निवासी भोपाल को कब्जा दिलाया जाएगा। सभी लोगों को समय पर उपस्थित रहने का भी सूचना पत्र में उल्लेख है।

### वर्ष 1959-60 में काबिज थे ये लोग

जिस जमीन पर निजी लोगों को कब्जा दिलाने की तैयारी है वह जमीन वर्ष 1959-60 में खसरा नंबर 70-71 थी। कुल जमीन का रकबा 160.75 एकड़ था। उस समय यह जमीन सइयद इजहर हुसैन पिता जफर हुसैन के नाम से थी। इसके बाद वर्ष 1967-68 में इसी जमीन के दो अलग-अलग खसरे हुए। इसमें 70-71/क रकबा 98.79 एकड़ और 70-71/ख रकबा 61.96 एकड़, कुल रकबा 160.75 एकड़ भी इजहर हुसैन पिता जफर हुसैन के नाम रहा। वर्ष 1968-69 में इस जमीन के फिर से अलग-अलग खसरे हुए। इसमें 70-71/क रकबा 98.79 एकड़ इजहर हुसैन पिता जफर हुसैन के नाम रहा। अन्य रकबे 70-71/ख1 रकबा 1.96 काबिल कास्त घोषित हुई। खसरा नंबर 70-71/ख2 रकबा 15 एकड़, 70-



फाइल फोटो

71/ख3 रकबा 15 एकड़, 70-71/ख4 रकबा 15 एकड़, 70-71/ख 5 रकबा 15 एकड़ चरोखर का. कास्त घोषित हुई। इसके बाद वर्ष 1973-74 में चकबंदी हुई। इसमें कई अन्य लोगों के नाम यह जमीन हुई। वर्ष 1984-85 से 1987-88 में इस जमीन के खसरे बदले गए। इस दौरान ये खसरे 31,32,33,34/1,35 हो गए एवं यह जमीन भी अलग-अलग लोगों के नाम की गई। बाद में वर्ष 2006-7 से 2013-14 तक यह जमीन खसरा नंबर 32/1 रकबा 2.023 हेक्टेयर केएस इंफ्रास्टक्चर प्रालि दिल्ली अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता विनीत गर्ग पिता गोविंद प्रसाद गर्ग के नाम हुई। इसके अलावा खसरा नंबर 32/2 रकबा 1.011 हेक्टेयर 32/3 रकबा 1.011, 32/4 रकबा 1.011 और 32/5 रकबा 1.011 जनाब जफरखान पिता रहमतउल्ला खान के नाम पर हुई। तहसीलदार इछावर द्वारा दिए गए प्रतिवेदन में यह जमीन वर्ष 2013-14 से लेकर वर्तमान तक खसरा नंबर 31 निस्तार एवं खबरा नंबर 32 से 35 तक भूमि अहस्तांतरणीय रही। इससे साफ है कि यह जमीन पहले से ही शासकीय भूमि रही है। तहसीलदार द्वारा प्रतिवेदन में लिखा गया है कि इस प्रकरण में संलग्न रिकार्ड एवं पटवारी प्रतिवेदन का अवलोकन किया गया है, जिसमें पाया गया है कि भूमि सर्वे नंबर 32/1 वर्ष 1959 में शासकीय रही है, जिसमें अहस्तांतरणीय विलापित किया जाना संभव नहीं है। एसडीएम द्वारा भी इस जमीन को शासकीय बताया गया है, लेकिन इसके बाद भी अब इस जमीन पर निजी लोगों को कब्जा दिलाए जाने की की तैयारियां हैं।

### क्या बोले अधिकारी

इछावर एसडीएम स्वाति मिश्रा ने बताया कि ग्राम कुड़ी स्थित जमीन पहले निजी थी, फिर सीलिंग एक्ट में वह शासकीय हुई। फिर उस जमीन के कई अलग-अलग खसरे भी हुए। इसी जमीन के लोगों को पट्टे भी दिए गए। वर्तमान में जमीन से संबंधित पुराना रिकॉर्ड देख रहे हैं। रिकॉर्ड में यदि जमीन शासकीय होगी तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जमीन को शासकीय घोषित किया जाएगा एवं संबंधितों पर कार्रवाई भी करेंगे। अभी जिस जमीन का सूचना पत्र दिया गया है उसका सीमांकन होना है। हम 1959 से रिकॉर्ड देख रहे हैं। उसके बाद ही इस मामले में आगे की कार्यवाही करेंगे। इधर इस मामले में इछावर तहसीलदार गजेन्द्र लोधी से चर्चा करनी चाही, लेकिन नहीं हो सकी।


## सीहोर की यह भूमि हमारे लिए किसी तीर्थ से कम नहीं है: कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा

# 356 क्रांतिकारियों की शहादत को किया नमन 100 फीट ऊंचे तिरंगे को शान से लहराया

कलेक्टर-एसपी कलेक्टर बालागुरू के. और एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि सीहोर का यह शहीद स्थल हिंदू-मुस्लिम एकता की एक अद्भुत मिसाल है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों की याद में बुधवार को सैकड़ाखेड़ी स्थित शहीद स्थल पर गरिमामयी श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर समूचा शहर उन 356 वीरों की शहादत को नमन करने उमड़ा, जिन्होंने 14 जनवरी 1858 को देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। इस ऐतिहासिक मौके पर शहीद स्थल पर 100 फीट ऊंचे विशाल राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया गया, जो अब दूर से ही शहीदों की गाथा सुनाता नजर आएगा।

कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा, विधायक सुदेश राय, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा और नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर क्रांतिकारियों को याद किया।

पंडित प्रदीप मिश्रा और विधायक राय ने अपने संबोधन में कहा कि सीहोर की यह भूमि हमारे लिए किसी तीर्थ से कम नहीं है। 1858 में यहां हुई बर्बरतापूर्ण घटना जलियांवाला बाग हत्याकांड की याद दिलाती है। इन अमर शहीदों की शहादत को जीवंत रखने के लिए इस स्थल का समग्र विकास निरंतर किया जा रहा है।

**हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक है यह स्थल:** कलेक्टर-एसपी कलेक्टर बालागुरू के. और एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि सीहोर का यह शहीद स्थल हिंदू-मुस्लिम एकता की एक अद्भुत मिसाल है। उन्होंने कहा कि 1857 की क्रांति में यहां के सेनानियों का मानना था कि देश से बढक़र कुछ नहीं है। आज की युवा पीढ़ी को इन वीर क्रांतिकारियों से प्रेरणा लेनी चाहिए और राष्ट्र रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

### इतिहास के पन्नों में सीहोर की शहादत

उल्लेखनीय है कि 10 मई 1857 को मेरठ में हुई क्रांति से पहले ही सीहोर में विद्रोह की ज्वाला सुलग चुकी थी। 14 जनवरी 1858 को अंग्रेजी हुकूमत ने मध्य भारत के विद्रोह को कुचलने के लिए 356 क्रांतिकारियों को एक साथ मौत के घाट उतार दिया था। उन्हीं की याद में यह दिन शहीद दिवस के रूप में अत्यंत श्रद्धा के साथ मनाया जाता है।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में सीताराम यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल अरोरा, राजकुमार गुप्ता, पंकज गुप्ता, सुदीप प्रजापति, सुरेंद्र मेवाड़ा, आनंद गांधी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और स्कूली बच्चे शामिल हुए।

### देशभक्ति के तराने और पतंग महोत्सव का आनंद



श्रद्धांजलि सभा के दौरान संगीतिका संगीत महाविद्यालय की टीम ने मधुर देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया। राष्ट्रगान के पश्चात सभी अतिथियों ने मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में आसमान में पतंग उड़ाकर पतंग महोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान नगर पालिका के नवीन टोइंग वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया गया।

## रोमांचक मैच में संकल्प ने संस्कार मंच को पांच रन से हराया

**सीहोर।** शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र पर दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर बुधवार की दोपहर में एक मैच खेला गया। इसमें रोमांचक मैच में संकल्प केन्द्र ने संस्कार मंच को पांच रन से हराया। इस मैच में संकल्प टीम के कप्तान उपेन्द्र सेंगर ने 66 रन की विस्फोटक पारी खेली, वहीं हरीश शर्मा ने तीन विकेट लिए। मैच के अंत में केन्द्र के संचालक राहुल सिंह, संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा, धर्मेन्द्र माहेश्वरी, ज्योतिष पंडित कुणाल व्यास आदि ने संयुक्त रूप से मैन आफ द मैच का पुरस्कार संकल्प के कप्तान उपेन्द्र सेंगर और गेंदबाज हरीश शर्मा को दिया। अब गुरुवार को श्रद्धा भक्ति सेवा समिति और सीहोर ग्रीन के मध्य मैच खेला जाएगा। इसके बाद विजेता टीम का फाइनल संकल्प केन्द्र से होगा। बुधवार को दोपहर में टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी संकल्प केन्द्र की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 145 रन बनाए थे। इसमें कप्तान उपेन्द्र सेंगर ने 66 रन, सोनू ने 25 रन, कार्तिक ने 24 रन के अलावा हरीश शर्मा ने 22 रन की पारी खेली। इधर संस्कार मंच की ओर से गेंदबाजी करते हुए भानू चौधरी, धीरज, आकाश राय ने दो-दो विकेट हासिल किए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी संस्कार मंच की शुरूआत खराब रही, उनके सलामी बल्लेबाज हर्षित बुन्देला-राजेश 10 रन के अंतराल पर आउट हो गए। इसके पश्चात जैसे-तैसे धीरज ने 44 रन और आकाश ने 38 रन की पारी खेलते हुए टीम को 140 रन के स्कोर तक पहुंचाया। इधर संकल्प केन्द्र की ओर से गेंदबाजी करते हुए हरीश शर्मा-नंद किशोर ने तीन-तीन विकेट हासिल किए।

## अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने किया शुभारंभ

# अब नपा क्षेत्र की सड़कों पर अवैध रूप से नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों के खिलाफ टोइंग वाहन से होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगरपालिका क्षेत्र की सड़कों पर अवैध रूप से नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों के खिलाफ टोइंग वाहन की कार्रवाई करेगी। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने बुधवार को सैकड़ाखेड़ी स्थित शहीद स्मारक पर नगर पालिका परिषद द्वारा यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से रखने हेतु 22 लाख की लागत से टोइंग वाहन का शुभारंभ किया। इस मौके पर पंडित मिश्रा ने कहाकि शहर को स्वच्छता के साथ इस कदम का उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करना और सड़कों पर बढ़ते अव्यवस्थित पार्किंग से निपटना है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश





मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, कलेक्टर बाला गुरु के, एसपी दीपक शुक्ला सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस मौके पर नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहाकि नगरपालिका ने इस प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए वाहन को आरंभ किया है। इस कदम का उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करना और सड़कों पर बढ़ते अव्यवस्थित पार्किंग से निपटना है। नगर पालिका के अमले ने बताया कि नपा की टोइंग वैन का विधिवत लोकार्पण हो गया और थोड़ी देर बाद शहर में चेतावनी के लिए भी वाहन को निकाला गया। पहले दिन लोगों को हिदायत दी गई कि अपने वाहन को दायरे में ही रखें, अन्यथा कल से वाहनों की जब्ती का काम शुरू होगा, फिर चालान काटने के बाद ही वाहन छोड़ा जा सकेगा।

### बढ़ता यातायात बना चुनौती शहर की सड़कों पर

शहर की सड़कों पर बढ़ता यातायात बना चुनौती शहर की सड़कों पर बढ़ते यातायात दबाव और पार्किंग की कमी के कारण, नो-पार्किंग क्षेत्रों में वाहनों का खड़ा होना एक बड़ी समस्या बन चुका है। इससे न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है।

# कुबेरेश्वर धाम के पास पिकअप ने ऑटो को मारा टक्कर, सात श्रद्धालु घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भोपाल-इंदौर मार्ग पर कुबेरेश्वर धाम के पास बुधवार सुबह पिकअप की टक्कर से ऑटो में सवार 7 सवारियां घायल हो गई है। हादसे के बाद घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भेजा गया है। बताया गया है कि इस सड़क हादसे में ऑटो काफी क्षतिग्रस्त हो गया है। ऑटो की हालत देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है की टक्कर काफी भीषण थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस सड़क हादसे में जो लोग घायल हुए हैं उनमें नरोत्तम सिंह उम्र 35 साल निवासी अलीगढ़, अनीता देवी उम्र 35 साल, रुक्मणि देवी उम्र 35 साल डोरीनगर, प्रिया सिंह उम्र 35 साल निवासी दिल्ली, रूपा मुन्ना लाल उम्र 60 साल निवासी मोहन पूरा, कृष्णा जगपाल उम्र 30 साल निवासी अलीगढ़, शशि राधेश्याम उम्र 33 साल अलीगढ़ है।

## खबर संक्षेप



### 918 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है।स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 13 जनवरी को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 700 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 218 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 134 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया



**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीहोर में पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम तथा उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के तहत यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पोषण, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, नशा एवं मादक पदार्थों से बचाव, हिंसा की रोकथाम एवं गैर-संचारी रोगों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। काउंसलिंग सत्र में किशोरों एवं युवाओं को सुरक्षित यौन व्यवहार, मासिक धर्म स्वच्छता, गर्भनिरोधक साधन, यौन संक्रमणों की जानकारी, मानसिक स्वास्थ्य तथा शासन द्वारा उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। यह जानकारी काउंसलर श्री ममतेश राठौर द्वारा प्रदान की गई।

### दिव्यांग बच्चों की पहचान के लिए जिला स्तर पर शिविर आयोजित होंगे

**सीहोर।** दिव्यांग बच्चों की पहचान के लिये जिला स्तर पर स्कीनिंग कैम्प आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में स्वास्थ्य विभाग जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता बच्चों को चिन्हित कर प्रमाण-पत्र प्रदान करने की कर्रवाई करेंगे। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने बताया कि जुवेनाइल जस्टिस कमेटी के निर्देशानुसार कोई भी दिव्यांग बच्चा चिन्हांकन एवं लाभ से वंचित न रहे, के ध्येय वाक्य के आधार पर प्रत्येक दिव्यांग बच्चे की पहचान, स्क्रीनिंग एवं प्रमाणन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। सभी जिले में स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित करने के निर्देश जिला कलेक्टर्स को दिया गया है।

### तटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, तिल और गुड़ के बने व्यंजनों का भगवान को लगाया भोग

# मकर संक्रांति पर रंग-बिरंगी पतंगों से सजा आसमान नर्मदा नदी में स्नान कर किया श्रद्धालुओं ने दान-पुण्य

नीलकंठ नर्मदा तट सहित छीपानेर, सातदेव मंडी, सिलकंठ और अन्य घाटों पर सैकड़ों लोगों ने पवित्र स्नान किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

दान-पुण्य और पतंगबाजी के महापर्व मकर संक्रांति पर बुधवार को भैरुंदा में श्रद्धा, उल्लास और उमंग का अद्भुत संगम देखने को मिला। तड़के हल्के कोहरे और कड़ाके की ठंड के बीच श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने नर्मदा नदी के घाटों पर पहुंचे। स्नान-पूजन के बाद दान-पुण्य का सिलसिला शुरू हुआ, वहीं जैसे-जैसे सूर्य की किरणें धरती पर उतरीं, शहर की छतों पर रौनक लौट आई और देखते-ही-देखते आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से भर गया।

मकर संक्रांति का पर्व पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्नान-दान के विशेष महत्व के चलते श्रद्धालु तड़के ही घाटों पर पहुंचने लगे। नीलकंठ नर्मदा तट सहित छीपानेर, सातदेव मंडी, सिलकंठ और अन्य घाटों पर सैकड़ों लोगों ने पवित्र स्नान किया। शहर के प्रमुख मंदिरों में दिनभर दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ती रही। घर-घर में तिल-गुड़ से बने पारंपरिक व्यंजनों की खुशबू फैलती रही, जिससे माहौल और भी



उत्सवमय हो उठा। हालांकि, खिचड़ा बनाने-खाने की परंपरा इस बार मकर संक्रांति और एकादशी एक साथ होने के कारण कई घरों में नहीं निभाई जा सकी।

**'वो काटा, वो मारा' से गूंजा शहर :** दोपहर चढ़ते ही पतंगबाजी का दौर चरम पर पहुंच गया। शहर के कई घरों छत पर बच्चों, युवाओं और की टोलियां पतंग उड़ाते नजर आईं। डीजे की धुनों और भजनों के बीच जैसे ही किसी की पतंग कटती, चारों ओर 'वो काटा, वो मारा' का शोर गूंज उठता। नीले, पीले, हरे और लाल रंगों की पतंगें आसमान में लहराती रहीं और पूरा शहर रंगीन उत्सव में डूबा रहा। इस पहले सोशल मीडिया पर लोगों एक दूसरे को मकर संक्रांति की बधाई शुभकामनाएं दी।

**दान-पुण्य की परंपरा निभाई :** पर्व पर दान-पुण्य की परंपरा का विशेष रूप से पालन किया गया। लोगों ने अन्न, वस्त्र और जरूरत का सामान दान किया। सुहागिन महिलाओं ने सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर सास-ससुर को वस्त्र पहनाए। कई परिवारों ने पूजन सामग्री, घरेलू उपयोग की वस्तुएं और सुहाग की सामग्री जरूरतमंदों को भेंट की। कुछ लोगों ने अपनी राशि के अनुसार दान कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

#### पौराणिक और ज्योतिषीय महत्व

मकर संक्रांति पर सूर्य के धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश के साथ ही मलमास के समापन और मांगलिक कार्यों की शुरुआत मानी जाती है। शास्त्रों के अनुसार यह दिन देवताओं का प्रभात काल कहलाता है, इसलिए स्नान-दान और अनुष्ठानों का विशेष महत्व रहता है। धार्मिक मान्यताओं में इस दिन देवताओं के पृथ्वी पर अवतरण की बात कही गई है। तुलसीदास कृत रामचरितमानस में भी मकर संक्रांति का उल्लेख मिलता है-मान्यता है कि सूर्य के उत्तरायण होने पर भगवान श्रीराम ने भाइयों संग पतंग उड़ाई थी और इसी अवसर पर भगवान हनुमान से उनकी मित्रता का सूत्रपात हुआ।



## अफसर पर फर्जी दिव्यांगता सर्टिफिकेट दिखाने का आरोप, आयुक्त ने सीहोर उपसंचालक को हटाने के लिए कलेक्टर को पत्र लिखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

सीहोर में फर्जी दिव्यांगता सर्टिफिकेट के आधार पर एक सरकारी अधिकारी के पदस्थ होने का मामला सामने आया है। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के प्रभारी उपसंचालक महेश यादव के दिव्यांगता सर्टिफिकेट पर सवाल उठे हैं।

आरोप है कि वे लंबे समय से इसी फर्जी सर्टिफिकेट के आधार पर पद पर आसीन हैं। आयुक्त, सामाजिक न्याय संचालनालय, भोपाल ने सीहोर कलेक्टर को पत्र लिखकर महेश यादव को पद से हटाने और उनके स्थान पर किसी अन्य अधिकारी को नियुक्त करने का निर्देश दिया है।

### दिव्यांगता की जांच के दिए थे निर्देश

महेश यादव सीहोर में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग में लंबे समय से




प्रभारी उपसंचालक के पद पर कार्यरत हैं। उनके दिव्यांगता प्रमाण पत्र को लेकर शिकायतें मिली थीं, जिनमें कहा गया था कि कम दिव्यांगता होने के बावजूद उन्हें अधिक प्रतिशत का सर्टिफिकेट दिया गया है।

इन शिकायतों के बाद संचालनालय आयुक्त ने यादव को एम्स संस्थान में अपनी दिव्यांगता की जांच कराने का निर्देश दिया था। हालांकि, बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद यादव ने एम्स में जांच नहीं कराई।

### 2025 में सीहोर हुआ था तबादला

उल्लेखनीय है कि महेश यादव का तबादला जून 2025 में सीहोर से बालाघाट कर दिया गया था। हालांकि, उन्होंने इस तबादले के खिलाफ न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त कर लिया, जिसके आधार पर वे अभी भी सीहोर में ही कार्यरत हैं। आयुक्त ने उन्हें पद से हटाने और दिव्यांगता सर्टिफिकेट की जांच एम्स में कराने के निर्देश दिए हैं। यह पत्र सीहोर कलेक्टर को भेजा गया है, लेकिन फिलहाल महेश यादव को पद से नहीं हटाया गया है। इस संबंध में, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग, सीहोर के प्रभारी उपसंचालक महेश यादव ने कहा कि वे अभी बाहर हैं और इस मामले पर अधिक टिप्पणी नहीं कर सकते।

## खुरपका-मुंहपका टीकाकरण अभियान में 11 गांव के पांच हजार से अधिक पशुओं को लगेगा सुरक्षा कवच

**इछावर।** पशुधन और जंगली जानवरों को मुंहपका - खुरपका और गलघोंटू जैसी संक्रामक बिमारियों के संक्रमण से बचाव के लिए खिवनी अभयारण्य की सीमा पर बसें गांवों की मवेशियों का टीकाकरण किया जा रहा है। दरअसल इन गांवों की मवेशियां चराई के लिए अभयारण्य में जाती है, ऐसे में किसी संक्रमित मवेशी से वन्य प्राणियों में संक्रमण का खतरा बना रहता है। टीकाकरण कार्यक्रम पशुपालन और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में चलाया जा रहा है। इसके तहत 11 गांवों की करीब 5 हजार से अधिक मवेशियों को एफएमडी का वेक्सीन लगाया जाएगा।

खुरपका - मुहपका और गलघोंटू जैसे संक्रामक बिमारियों से बचाव के लिए पशुपालन और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में टीकाकरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत अभयारण्य की सीमा पर बसें 11 गांवों की मवेशियों का वैक्सीनेशन किया जा रहा है।

खिवनी अभयारण्य की सीमा पर बसें गांवों की अकिांश मवेशियां चराई के लिए अभयारण्य में जाती है। ऐसे में खुरपका-मुहपका जैसी बिमारी से संक्रमित किसी मवेशी से यह बिमारी का संक्रमण वन्य प्राणियों में फैलने की आशंका बनी रहती है। क्षेत्र के पशुधन व वन्य प्राणियों को खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) जैसे गंभीर रोगों से सुरक्षित करने के लिए पशुपालन एवं वन विभाग द्वारा टीकाकरण कार्यक्रम चलाया गया है। इसकी 13 जनवरी से शुरूआत हो गई है। टीकाकरण का निशुल्क अभियान शुरू होने के अगले 8 दिनों तक चलेगा। इस अभियान के लिए वन विभाग की ओर से 5 हजार से अधिक वैक्सीन की डोज पशुपालन विभाग की टीकाकरण टीम को उपलब्ध करा दी गई है। सीवीओ एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी ने टीकाकरण टीम को शत




प्रतिशत पशुओं के टीकाकरण के निर्देश दिए हैं। किसानों को टीकाकरण के लिए जागरूक भी किया जा रहा। क्षेत्र में खुरपका एवं मुंहपका रोग से काफी संख्या में पशुओं की मौत हो जाती है। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि यह बीमारी पशुओं के स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह है। यह अत्यंत संक्रामक एवं घातक विषाणुजनित रोग है।

इसकी चपेट में गाय, भैंस, भेड़ , बकरी, सूअर आदि पालतू पशुओं के अलावा वाइल्ड एनिमल जैसे हिरन सांभर, चीतल आदि पशु भी आते हैं। तेज बुखार तथा बीमार पशु के मुंह मसूड़े, जीभ के ऊपर, नीचे ओठ के अंदर का भाग, खुरों के बीच की जगह पर छोटे-छोटे दाने उभर आते हैं।

धीरे-धीरे यह दाने आपस में मिलकर बड़ा छाला बनाते हैं और आगे चलकर घाव हो जाता है जिससे पशु जुगाली करना बंद कर देता है। इस बीमारी का टीकाकरण ही बचाव का प्रमुख उपाय है। इन गांवों की मवेशियों का किया जाएगा टीकाकरण - अभयारण्य की सीमा पर बसें सीहोर जिले के दौलतपुर, दुदलई, झरखेड़ा, कुंडीखाल, लालियाखेड़ी, हरसपुर, गादीया, बोरदी, दुडलावा, नयाखेड़ा, सिंगापुर आदि गांवों की मवेशियों का टीकाकरण किया जाएगा।

## स्कूल की 8 बालिकाओं का हुआ चयन बोरखेड़ाकलां के लिए गौरव का क्षण



**भैरूंदा।** खेलो मध्यप्रदेश बालिका क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत बुधवार को भैरूंदा ब्लॉक की क्रिकेट टीम का चयन किया गया। चयन सूची में बरखेड़ा कलाँ के शासकीय स्कूल की आठ बालिकाओं का एक साथ चयन होना न केवल स्कूल, बल्कि पूरे ग्राम पंचायत क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गया है। यह उपलब्धि खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और उनके PTI कोच योगेश पंवार के सतत प्रशिक्षण व मार्गदर्शन का परिणाम मानी जा रही है।

चयन की खबर मिलते ही गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों, ग्रामीणों और खेल प्रेमियों ने बालिकाओं का स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ब्लॉक स्तरीय ट्रायल के दौरान इन खिलाड़ियों ने तकनीकी दक्षता, टीम भावना और खेल अनुशासन का बेहतरीन परिचय दिया, जिससे चयनकर्ताओं पर गहरी छाप पड़ी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बरखेड़ा कलाँ की इन बालिकाओं ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग—तीनों ही विभागों में शानदार प्रदर्शन किया। सीमित संसाधनों के बावजूद निरंतर अभ्यास और समर्पण के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है।

चयन के बाद अब ये प्रतिभाशाली खिलाड़ी आगामी रविवार को बीएसआई मैदान पर होने वाले जिला स्तरीय मुकाबलों में भैरूंदा ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगी। पीटीआई कोच योगेश पंवार ने इस सफलता को ग्रामीण अंचल में बालिका खेल प्रतिभा के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया है। उनका कहना है कि गांव की बेटियों ने साबित कर दिया है कि मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य दूर नहीं।

### इंस्पायर अवार्ड में कन्या उमा विद्यालय ने प्रादेशिक स्तर पर फहराया परचम

**सीहोर।** सीहोर जिले के दोराहा क्षेत्र एवं मध्यप्रदेश के लिए अत्यंत गर्व की बात है कि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दोराहा की छात्रा कुमारी आयुषि यादव पिता श्री धर्मेन्द्र यादव कक्षा 10 वी ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा इंस्पायर अवार्ड और मानक योजना में ब्लॉक लेवल, डिसट्रिक्ट लेवल, संभाग लेवल और स्टेट लेवल पर चयन प्राप्त करते हुए और राष्ट्रीय स्तर के लिए इनके प्रोटोटाइप का चयन हुआ है और इसके साथ ही यह प्रोटोटाइप विभिन्न स्तरों से होकर भोपाल में भी राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2025 में 18 से 23 नवंबर तक भी प्रदर्शित किया गया जहां से यह अगले प्रादेशिक स्तर के लिए 29/30 नवम्बर 2025 को इंदौर में प्रतियोगिता में यह राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा है।

आगामी प्रतियोगिता इनकी दिल्ली में होगी इसके लिए इनका चयन हुआ है। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर विक्रम देव ने बतलाया कि इनके मार्गदर्शक के रूप में श्रीमती नीता झांगयानी तथा विद्यालय स्टाफ ने विशेष मार्गदर्शन किया। विद्यालय में आज जनपद सदस्य हेम सिंह मीणा, सरपंच श्रीमती कलीम पठान, पूर्व सरपंच मोहन माली, विधायक प्रतिनिधि अभिषेक तिवारी, एवम युवा प्रवक्ता धर्मेन्द्र बैरागी ने छात्रा और समस्त स्टाफ का अभिनंदन किया और छात्राओं को प्रोत्साहित किया, डॉ.विक्रम देव ने कहा कि इस कन्या विद्यालय ने जिले के अशासकीय एवम शासकीय विद्यालयों की पीछे छोड़ते हुए राष्ट्रीय स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेगा।

विद्यालय प्रबंधन छात्रा एवं उसके माता-पिता को बहुत-बहुत बधाई और धन्यवाद देते हैं और शासकीय विद्यालयों में छात्रों को प्रवेश दिलाएं और दोराहा को गौरवान्वित करें।

## कन्या शिक्षा परिसर में मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस और स्वामी विवेकानंद की जयंती



**सीहोर।** सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर में राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत रन फॉर स्वदेशी अभियान के तहत संकल्प दौड़ आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुषेन्द्र शर्मा राष्ट्रीय परिषद सदस्य, क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य, पूर्व क्षेत्र संयोजक रहे। उन्होंने अपने संबोधन में स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने, विदेशी उत्पादों के बहिष्कार तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों को युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का संदेश दिया। अतिथि देवो भवः की परंपरा के अनुसार विद्यालय प्रबंधन द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर छात्राओं द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं आदर्शों पर आधारित प्रभावशाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं में राष्ट्रप्रेम, स्वदेशी चेतना एवं युवा शक्ति के सकारात्मक उपयोग का संदेश प्रसारित किया गया।

### केंद्र सरकार की योजनाओं और डिजिटल प्लेटफॉर्म के बारे में दी गई जानकारी

# पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कारीगरों व शिल्पकारों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत सीहोर में भारत सरकार के एमएसएमई विकास कार्यालय इंदौर द्वारा प्रशिक्षित कारीगरों एवं शिल्पकारों का प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों, लाभार्थियों एवं युवाओं को केंद्र सरकार की योजनाओं तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ना था।

कार्यक्रम में सहायक निदेशक राज कुमार मोहनानी द्वारा मीशो एप्लीकेशन के माध्यम से उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री, डिजिटल



प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण एवं स्वरोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि किस प्रकार कारीगर एवं एमएसएमई इकाइयाँ मीशो जैसे प्लेटफॉर्म का उपयोग कर अपने उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर बेच सकते हैं। इसके पश्चात सहायक निदेशक निलेश त्रिवेदी द्वारा भारत सरकार, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं, विशेष रूप से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के उद्देश्य, लाभ, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में अनेक विभागों के अधिकारियों ने कारीगरों एवं शिल्पकारों को अपने-अपने विभागों से संबंधित योजनाओं, वित्तीय सहायता, कौशल विकास एवं बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी और योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में आकाश गोयल, दीप्ति गिरवार, शैलेन्द्र राठौर सहित अन्य अधिकारी एवं प्रतिभागी उपस्थित थे।

## स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश कार्यक्रम हुआ आयोजित

**सीहोर।** सीहोर जन अभियान परिषद द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष में स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में संभाग समन्वयक वरूण आचार्य ने बताया कि ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम का उद्देश्य म.प्र. सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना, लोकहितकारी योजनाओं में पात्र हितग्राहियों की सहभागिता सुनिश्चित करना तथा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण हेतु सकारात्मक वातावरण का सृजन करना है। इस अवसर सभी को अधिक से अधिक




स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने की शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम में अशोक पाटीदार, राजेश पाठक, अरूषेन्द्र शर्मा, पारुल उपाध्याय, श्री प्रदीप सिंह सेंगर, भगवत शरण लोधी, इंदर सिंह निकुम सहित अन्य अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## पर्दाफाश: वाहन किराए पर लगाने का झांसा देकर करते थे वारदात

# धोखाधड़ी से ट्रक, डंपर लेकर कबाड़ में बेचने वाला गिरोह पुलिस ने दबोचा

### मुख्य सरगना सहित छह आरोपी गिरफ्तार, 10 लाख नकदी सहित अन्य माल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

चार पहिया वाहन मालिकों को गुमराह कर ट्रक, डंपर जैसे वाहनों को किराए पर लगाने का झांसा देते हुए बाद में उन वाहनों को कबाड़ में बेचने वाले संगठित अंतराज्जीय गिरोह का जिला पुलिस ने पर्दाफाश किया है। आरोपी लोगों से वाहन लेकर उन्हें महाराष्ट्र के जलगांव में कबाड़ियों के यहां खुर्दबुर्द करवा दिया करते थे। जिले के लीमाचैहान एवं तलेन थानों में इस तरह की दो शिकायत मिलने के बाद जिला पुलिस ने परत दर परत सीढ़ियां चढ़ते हुए आरोपियों तक पहुंच बनाई। इस मामले में मुख्य सरगना सहित 06 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं जिनके कब्जे से करीब 10 लाख 60 हजार रुपए नकद सहित अन्य माल बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने मंगलवार दोपहर स्थानीय कन्ट्रोल रूम में एक प्रेसवार्ता करते हुए पूरे मामले पर विस्तार से प्रकाश डाला।



#### पुलिस ऐसे पहुंची आरोपियों तक

एक मामले में लीमाचैहान थाने के तहत बीरम सिंह वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उनके आयसर वाहन को अच्छी दर पर किराए पर लगाने का झांसा दिया गया। आयसर की किश्तें भी जमा करवाने की बात कहते हुए कुछ लोगों ने उनसे वाहन लिया। बाद में न तो वाहन की किश्तें जमा हुईं, न आयसर वाहन मिला और संबंधित व्यक्ति भी फरार हो गए। एक अन्य मामले में तलेन निवासी भगवान सिंह ने को भी झांसे में लेते हुए उनके साथ इसी तरह की धोखाधड़ी हुई। उक्त दोनों मामले में फरियादियों को लालच देते हुए शुरू में कुछ नकद राशि भी दी गई ताकि उन्हें शक न हो। शिकायत प्राप्त होने पर पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण सहित अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इसके साथ ही अलग-अलग टीमें बनाकर उन्हें महाराष्ट्र व इंदौर रवाना किया गया। मुखबिरों द्वारा बताए कबाड़ियों के यहां दबिश में उक्त दोनों वाहनों के अलग-अलग पार्टस मिले जिनमें इंजन नंबर, चेचिस नंबर आदि भी पड़ताल कर ली गई।

#### ये आरोपी किए गए गिरफ्तार

मामले में पुलिस ने इस गैंग के मुख्य सरगना यासीन पिता मासूम मुल्तानी, निवासी जलगांव (महाराष्ट्र), नईम उर्फ नईम चायना पिता खाजू खान, निवासी हाल मुकाम मुसाखेड़ी इंदौर स्थाई निवास छापीहेड़ा जिला राजगढ़, मनोज पिता यसवंत वैष्णव निवासी शाजापुर, याकुब खान, निवासी जलगांव (महाराष्ट्र), अकरम खान, निवासी जलगांव (महाराष्ट्र) एवं रेहान खान, निवासी जलगांव (महाराष्ट्र) को गिरफ्तार किया है।

#### हाईड्रोलिक क्रेन से ले जाते थे वाहन

यह सभी आरोपी वाहन मालिकों को झांसे में लेने के बाद उनका वाहन हाईड्रोलिक क्रेन से जलगांव ले जाते और कबाड़ियों के यहां खुर्दबुर्द करवा दिया करते थे। कुछ आरोपियों पर विभिन्न थानों में कई अपराध दर्ज हैं। पुलिस ने अपराध में उपयोग की जाने वाले हाईड्रोलिक क्रेन को भी जब्त कर लिया है।

### जमीनी विवाद के चलते मामला दर्ज किया

**जीरापुर।** समीपवर्ती ग्राम कवलसीखेड़ा निवासी एक व्यक्ति को चार व्यक्तियों ने मिलकर की मारपीट। सोमवार को कवलसीखेड़ा निवासी संजय पिता कालु गोस्वामी मोटर सायकिल से जीरापुर की ओर आ रहा था चार लोगों ने लाठी ,डंडे से मारपीट की। प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय पिता कालू गोस्वामी उम्र 25 वर्ष निवासी कवलसीखेड़ा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि सोमवार की सुबह करीब 11 बजकर 15 पर अपनी मोटरसाइकिल से जीरापुर ट्रैक्टर की किस्त जमा करने आ रहा था तभी रास्ते में जमीनी के पुराने विवाद के चलते गांव के रहने वाले चार लोगों ने गंदी गंदी गालियां देते हुए लाठी , डंडों , फर्सी से हमला कर घायल कर दिया। परिजनों ने तत्काल घायल को सिविल अस्पताल जीरापुर लेकर आयें , जहां प्राथमिक उपचार दौरान बाहर रेफर कर दिया स वहीं पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता कि धारा 126(2) , 296(इ) , 115(2) , 351(3) , 3(5) में मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

## क्षमता से अधिक सवारी भरने पर बस जब्त की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुना

गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के कुशल मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) मुकेश कुमार दीक्षित के सतत पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय प्रताप सिंह द्वारा अपने यातायात बल के साथ शहर के प्रमुख एवं संवेदनशील स्थानों जज्जी बस स्टैंड, जयस्तंभ चौराहा एवं हनुमान चौराहा पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विशेष रूप से यात्री बसों की गहन जाँच की गई। जाँच के समय गुर्जर ट्रेवल्स की एक बस, जिसकी स्वीकृत क्षमता मात्र 32 सीट थी, उसमें नियमों की खुलेआम अनदेखी करते हुए लगभग 70 से 80 यात्री भरे हुए पाए गए। यह न केवल यातायात कानूनों का उल्लंघन था, बल्कि यात्रियों की जान के साथ किया गया गंभीर खिलवाड़ भी था । स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्यवाही करते हुए उक्त बस को जप्त कर थाने में खड़ा किया गया। थाना प्रभारी यातायात टीआई अजय प्रताप सिंह ने बताया कि संबंधित बस पर 10,000 रूपये का जुर्माना लगाया गया है तथा नियमानुसार जुर्माना अदा करने के पश्चात हिदायत के साथ बस को उसके स्वामी की सुपुर्दगी में दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त अभियान के दौरान अन्य क्षमता से अधिक भरे वाहनों पर भी कार्यवाही की गई, जिनसे कुल मिलाकर 22,000 रूपये का शमन शुल्क वसूल किया गया। टीआई अजय प्रताप सिंह ने सख़्त शब्दों में कहा कि क्षमता से अधिक सवारी भरकर बस चलाना केवल नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि हर यात्री के जीवन को खतरे में डालने जैसा गंभीर अपराध है। उन्होंने कहा कि सड़क पर चलने वाला हर व्यक्ति किसी का बेटा, बेटी, माँ या पिता होता है, उसकी सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। एक छोटी-सी लापरवाही कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

## जिस राष्ट्र के युवा मजबूत होते हैं वह कभी कमजोर नहीं होता: नरवरिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ब्यावरा

स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) राजगढ़ की इकाई ब्यावरा द्वारा 5 किलोमीटर मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का भव्य एवं अनुशासित आयोजन किया गया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में स्वामी विवेकानंद जी के विचारों का प्रचार-प्रसार करना, शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत 'खेलो भारत' संयोजक सन्नी नरवरिया जी उपस्थित रहे साथ ही जिला प्रमुख देवेंद्र विमल विशेष रूप से उपस्थित रहे,प्रांत खेलो भारत संयोजक नरवरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का सपना सशक्त, चरित्रवान और आत्मनिर्भर युवाओं का भारत था, जिसे साकार करने के लिए आज के युवाओं को शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक रूप से सुदृढ़ होना आवश्यक है। खेल एवं अनुशासन इसके प्रमुख माध्यम हैं। 5 किमी मैराथन दौड़ में ब्यावरा नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों युवाओं, विद्यार्थियों एवं खेल प्रेमियों ने उत्साह और जोश के साथ सहभागिता की। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बनता था। परिणामों में शुभम दांगी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया।



### नगर में हुआ भूमिपूजन, निकली धर्म ध्वज कलश यात्रा

## 21 को खुजनेर में होगा हिंदू सम्मेलन नगर में तैयारियां जोरों से जारी



**खुजनेर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर देशभर में आयोजित किए जा रहे हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला में खुजनेर नगर में भी 21 जनवरी को एक विशाल एवं भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा सम्मेलन को लेकर नगर में तैयारियां तेज हो गई हैं और धार्मिक व सामाजिक गतिविधियों का सिलसिला प्रारंभ हो चुका है। मंगलवार को सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में मांगलिक भवन बस स्टैंड पर ध्वज भूमि पूजन किया गया तथा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। जिसमें सम्मेलन को भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप देने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्यभारत प्रांत प्रचारक एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि बाबा सत्यनारायण मौर्य मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे।

#### प्रमुख कार्यक्रम इस प्रकार रहेंगे

श्रीरामधुन संकीर्तन यात्रा 1 जनवरी से 21 जनवरी तक प्रतिदिन प्रातः 5 बजे, खेड़ापति हनुमान मंदिर से नगर के मुख्य मार्गों से कलश यात्रा व भूमि पूजन। 13 जनवरी, मंगलवार समरसता दिवस व स्वच्छता सेवक सम्मान।14 जनवरी, बुधवार, छत्रपति माता मंदिर परिसर (नगर के सफाई मित्रों का सम्मान) महाआरती ।15 जनवरी, गुरुवार, चरणदास मंदिर संतध्पुजारी सम्मान। 16 , शुक्रवार, चरणदास मंदिर भव्य सुंदरकांड पाठ- 17, शनिवार, शासकीय अस्पताल के पीछे पर्यावरण एवं स्वदेशी दिवस। 18 , शिमला बस स्टैंड गौ माता पूजन। 19, सावलिया गौशाला भारत माता की आरतीरू 20 जनवरी, रात्रि 8 बजे, न्यू बस स्टैंड भव्य हिंदू सम्मेलन। 21 जनवरी बैठक में नगर के समस्त हिंदू समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पीएम श्री बालक एवं कन्या में मनाया गया युवा दिवस



**सुठालिया।** नगर के पीएम श्री बालक एवं कन्या में भारतीय संस्कृति, सनातन मूल्यों एवं आध्यात्मिक चेतना को प्रतिष्ठित करने वाले, युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गयां जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माधवी सिंह परमार भाजपा जिला मंत्री उपस्थित रही । प्राचार्य हेमंत यादव ने इस अवसर पर अतिथि का स्वागत कर युवा दिवस पर युवाओ के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के विचारों से छात्रों को अवगत कराया, साथ ही भाजपा जिला मंत्री माधवी सिंह परमार ने बताया कि योग से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। और विवेकानंद जी ने ज्ञान, साहस और कर्तव्यभाव के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास और राष्ट्रप्रेम की चेतना जगाई। उनके आदर्श आज भी युवा पीढ़ी को सेवा, समर्पण और 'विकसित भारत' के निर्माण की दिशा में प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में सामूहिक सूर्य नमस्कार व योग किया गया एवं कन्या संकुल प्राचार्य दिनेश कुमार धनगर द्वारा विद्या की देवी मां शारदे एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पूजन एवं माल्यार्पण के साथ राष्ट्रगीत हुआ।



### खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 का शुभारंभ

**जीरापुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजगढ़ द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजगढ़, विकास खंड शिक्षा अधिकारी रामबाबू पाटीदार ने सर्वप्रथम हनुमान जी की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना कर ट्रायल का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के लगभग 685 खिलाड़ियों ने सहभागिता की। खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 के अंतर्गत 21 खेलों के ट्रायल आयोजित किए गए, जिनमें प्रमुख रूप से वॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन, रस्सा-कस्सी, हॉकी, फुटबॉल, बास्केटबॉल, शतरंज, पिट्ठू, कुश्ती, तैराकी, टेबल टेनिस, जूडो, वेटलिफ्टिंग, योगासन, थ्रो बॉल, शूटिंग, टेनिस, मलखंभ, बॉक्सिंग, फेंसिंग, कयाकिंग-केनोइंग, आर्चरी एवं रोइंग शामिल रहे। इस अवसर पर खेलो एमपी यूथ गेम्स का अतिथियों ने उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है।

## महर्षि पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई



**जीरापुर।** स्थानीय महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई। जहां पर मां सरस्वती , स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। संस्था प्राचार्य दिनेश गुर्जर संचालक शिवचरण दांगी ने विधार्थियों को सुर्य नमस्कार एवं स्वामी विवेकानंद के बारे में बताया। कार्यक्रम में स्पोर्ट्स शिक्षक महेंद्र सिंह सोनगरा , रामेश्वर वरदानियां , दिलीप राठौर , अंकुश भावसार , रामेश्वर हरदेनिया , कमल , कृपाल सोलंकी , संजय गौड़ शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। संस्था प्राचार्य दिनेश गुर्जर ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने शिकागो सम्मेलन धार्मिक महासभा में भारत का नाम ऊंचा किया था मेरे प्यारे भाई और बहनों से सम्बोधन किया था और उन्होंने कहा कि सनातन धर्म से ही सभी धर्म बने हैं स्वामी विवेकानंद ने कहा उठो जागो और जब तक मत रुको तब तक की लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए उन्होंने वैदिक शिक्षा धर्म का प्रचार प्रसार किया और विश्व में सनातन धर्म का डंका बजाया बालक बालिकाओं के द्वारा योग ओर सूर्य नमस्कार किया गया।

### सड़क किनारे खड़ी महिला को कार ने मारी टक्कर, मौत

**राजगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-52 पर सोमवार देर रात्रि हुए एक सड़क हादसे में हाईवे के किनारे खड़ी महिला को अज्ञात कार चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौके पर ही दुःखद मृत्यु हो गई। घटना के बाद शव को जिला अस्पताल लाया गया जहां मंगलवार सुबह पीएम उपरान्त शव परिजनों को सौंप दिया गया। राजगढ़ में हेडगेवार कॉलोनी निवासी राजूलाल वर्मा, उनकी पत्नी कृष्णाबाई एवं पुत्र सुनील वर्मा बाईक से राजस्थान के भीमगढ़ स्थित देवस्थान से

## सुधासागर कॉलोनी पार्क में स्वच्छता एवं विकास अभियान, किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुना

वार्ड क्रमांक 06 स्थित सुधासागर कॉलोनी के पार्क में नगर पालिका द्वारा स्वच्छता एवं विकास को लेकर एक महत्वपूर्ण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पार्क की व्यापक सफाई बड़े उत्साह और समर्पण के साथ की गई।

इस पहल का नेतृत्व नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता एवं वार्ड पार्षद ओमप्रकाश कुशवाह 'गब्बर' ने किया। दोनों जनप्रतिनिधियों ने स्वयं सफाई कार्य में भाग लेकर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का सकारात्मक संदेश दिया।नगर पालिका अध्यक्ष ने पार्क की क्षतिग्रस्त बाउंड्री वॉल के पुनर्निर्माण हेतु उपयंत्री चंदेल को आवश्यक निर्देश दिए, जिससे पार्क की सुरक्षा और सौंदर्य में वृद्धि हो सके। साथ ही पार्क में बेंचों की मरम्मत, पौधरोपण एवं पाथवे निर्माण जैसे अन्य विकास कार्यों की भी योजना बनाई गई है। अभियान के दौरान भाजपा नेता राजेश साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजूषा खत्री, वार्ड के युवा कार्यकर्ता तथा नगर पालिका की स्वच्छता टीम के सदस्य उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से अभियान को सफल बनाया गया। यह स्वच्छता एवं विकास अभियान न केवल पार्क की सुंदरता बढ़ाएगा, बल्कि स्थानीय नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण भी उपलब्ध कराएगा।



### सर्राफ मैरिज गार्डन में निःशुल्क नेत्र शिविर

**माचलपुर।** हिंदू उत्सव समिति माचलपुर के तत्वधान में नगर सर्राफ मैरिज गार्डन में मंगलवार को निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का शुभारंभ हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष पवन मिश्रा वा पार्षद दयाराम राठौर द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण वा दीप प्रज्वलित कर किया गया शिविर में नगर सहित आसपास क्षेत्र के 240 लोगो का पंजीयन हुआ जिनकी आंखो की जांच उपरांत 49 लोगो को आप्रेशन हेतु चुना गया और इन सभी को सद्गुरु संकल्प नेत्र चिकित्सालय आनंदपुर ले गए। भोजन के पैकेट की व्यवस्था की गई 191 की जांच के बाद निःशुल्क दवाई दी गई।

### भोजन के बाद से ही सिरदर्द, घबराहट, पेट दर्द व उल्टी की होने लगी शिकायत

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से लौट रहे 19 किसानों की तबीयत बिगड़ी

### स्वसहायता समूह कुरावर द्वारा की गई थी किसानों के लिए भोजन व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरावर

भोपाल की हजूर विधानसभा में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री के कृषक कल्याण वर्ष 2026 के कार्यक्रम में शामिल होकर लौटे किसानों के बीमार होने का मामला कुरावर क्षेत्र से सामने आया है। जानकारी के अनुसार ग्राम निपानिया चेतन के 10 किसान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरावर पहुंचे जहां उनका उपचार हेतु खाने के लिए दवाई ओआरएस का पैकेट दिया गया। उल्लेखनीय है कि रविवार को भोपाल में कृषि विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं उपस्थित थे। नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र से लगभग 800 किसानों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भोपाल भेजा गया था। किसानों के लिए भोजन की व्यवस्था कुरावर के स्व सहायता समूह द्वारा की गई थी। बताया जा रहा है कि कृषि विभाग द्वारा भोजन पैकेट का वितरण हिंगोनीजोड़ पर किया गया था। भोजन करने के बाद से ही कई किसानों की तबीयत बिगड़ने लगी। उन्हे सिरदर्द, घबराहट, पेट दर्द सहित उल्टी दस्त की शिकायत होने लगी था।

#### गांव में स्वास्थ्य विभाग ने लगाया कैंप, दिनभर चलती रही जांच

सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरावर में 19 लोगों का इलाज किया गया, वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्राम बिजोरी पहुंचकर सहकारी संस्था के पीछे कैंप लगाकर दिनभर में 39 लोगों की जांच की। मंगलवार के समीपस्थ ग्राम निपानिया चेतन के 10 किसान दिलीप पिता राधेश्याम (26), पवन पिता राधेश्याम (36), सुनील पिता शिवनारायण (23), मांगीलाल पिता घीसालाल (60), आत्माराम पिता गंगाराम (55), विजयराम पिता हजारी (41), रामनिवास पिता बद्रीलाल (32), छोटे राम पिता नन्नूलाल (48) कैलाश पिता गंगाराम (50) व विशाल पिता दिनेश उल्टी व पेट दर्द से पीड़ति पाए गए। ये सभी घरेलू उपचार के बाद भी राहत नहीं मिलने पर मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरावर पहुंचे। जहां मेडिकल ऑफिसर डॉ नरेश गवली ने उपचार हेतु दवाई लिखी। इलाज से पूर्व किसान कुरावर थाना एवं जहां उन्होंने नायब तहसीलदार को शिकायत देकर भोजन की जांच कराने एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।



#### केंद्र भेजा गया

किसानों की शिकायत प्राप्त हुई थी, प्राथमिकता के तौर पर उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।

सुनीता कुमारी, नायब तहसीलदार कुरावर

#### कार्रवाई की जाएगी

भोजन की जांच रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। संबंधित स्व सहायता समूह को नोटिस जारी किया जाएगा और नियमों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सुशील कुमार, एसडीएम नरसिंहगढ

#### बीमार होना संभव नहीं

मैंने स्वयं की उपस्थित में एक हजार लोंगो के लिए भोजन नोडल अधिकारी की देखरेख में गुणवत्तापूर्ण बनाया है। भोजन मैने व मेरे साथियों भी खाया तथा भोजन खाने से बीमार होना संभव नही है।

जयशीला, अध्यक्ष स्वसहायता समूह

### खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026

### ब्लॉक से चयनित खिलाड़ियों को मिला सम्मान



**सारंगपुर।** शासन द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय खो-खो एवं अन्य खेलों के चयन ट्रायल सारंगपुर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी करण सिंह भिलाला एवं विशेष अतिथि मनीष शर्मा ने चयनित खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। चयन कार्यक्रम में संभागीय खेल अधिकारी श्रीमती शर्मीला डावर ने सभी चयनित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे आगामी संभागीय एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करें।

**खबर संक्षेप**

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सम्मेलन में होंगे शामिल

**देवास।** जिला कांग्रेस ग्रामीण एवं ब्लॉक कांग्रेस शिप्रा के तत्वावधान में विशाल किसान सम्मेलन का आयोजन 16 जनवरी को दोपहर 1 बजे से शिप्रा गार्डन होने जा रहा है। सम्मेलन में किसानों की ज्वलंत समस्याओं और उनकी प्रमुख मांगों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी होंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सोहन पटेल ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश का किसान सबसे अधिक पीड़ित है। किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य नहीं मिल पा रहा है। समर्थन मूल्य से कम दामों पर व्यापारी फसल की खरीदी कर रहे हैं कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है।

### मां शारदा करेगी धार्मिक और समाजिक आयोजन

**भौरासा।** नगर में नए साल में संस्था मां शारदा इंदौर एक साथ तीन तीन आयोजन करने जा रही है। 17 जनवरी को दोपहर 11 बजे पार्थिव शिव पिण्ड निर्माण एवं रूद्राभिषेक का भव्य आयोजन बाबा भँवरनाथ मंदिर प्रांगण में किया जाएगा। इस धार्मिक आस्था के आयोजन की विशेषता यह रहेगी की मकर संक्रांति पर्व मनाते हुए रुद्राभिषेक का आयोजन किया।

## पार्वती थाना क्षेत्र से चोरी हुई बोलेरो पिकअप पुलिस ने की बरामद

# तकनीकी साक्ष्यों की मदद से बेरछा से जब्त किया वाहन, आरोपी गिरफ्तार

वाहन चोरी होने की रिपोर्ट पार्वती थाने में फरियादी ने कराई थी दर्ज। घर के सामने खड़े वान को चुरा ले गए थे चोर, अन्य आरोपियों की भी कर रहे तलाश।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जिला सीहोर के थाना पार्वती क्षेत्र अंतर्गत हुई वाहन चोरी की घटना में पार्वती पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए चोरी गई बोलेरो पिकअप वाहन को बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। 9 जनवरी को प्रातः 3 बजे से 7 बजे के मध्य फरियादी के घर के सामने शुजालपुर रोड, थाना पार्वती, जिला सीहोर से बोलेरो पिकअप वाहन चोरी होने की रिपोर्ट फरियादी द्वारा दर्ज कराई गई। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना पार्वती में अपराध क्रमांक 13/26, धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान वाहन चोर और चोरी गए वाहन की तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के निर्देशन में, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आष्टा आकाश अमलकर तथा थाना प्रभारी पार्वती हरिसिंह परमार के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा विशेष टीम गठित कर कार्यवाही की गई। गठित टीमों को देवास, शाजापुर, राजगढ़ एवं कालापीपल क्षेत्रों में रवाना किया गया। सीसीटीवी कैमरों एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर चोरी गई बोलेरो पिकअप वाहन को बेरछा दातार, थाना कालापीपल, जिला शाजापुर से बरामद किया गया। आरोपी मोहन सिंह राजपूत पिता हरिसिंह राजपूत, उम्र 54 वर्ष, निवासी बेरछा दातार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से अन्य साथीगण के संबंध में पूछताछ की जा रही है तथा प्रकरण में अन्य संलिप्त आरोपियों की तलाश जारी है। उप निरीक्षक अजय जोझा, सहायक उप निरीक्षक हीरेश सोनी, प्रधान आरक्षक दिनेश सिसोदिया, आरक्षक नितिन वर्मा, आरक्षक चंद्रभान सेन, आरक्षक सचिन वर्मा एवं आरक्षक शैलेंद्र पटेल की उल्लेखनीय भूमिका रही।

# न्यायाधीश ने विद्यार्थियों को पॉस्को संबंधित जानकारी दी

**विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन**



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, और विजय डांगी, द्वितीय जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति, के निर्देशानुसार महेश कुमार चौहान, प्रथम जिला न्यायाधीश के द्वारा एक पहल शक्ति से सुरक्षा की ओर सामुदायिक पुलिस योजना सृजन किशोर सशक्तीकरण सामुदायिक पुलिस कार्यक्रम जो कि 7 से 21 जनवरी तक मध्य प्रदेश पुलिस एवं युवा विकास मंडल सीहोर द्वारा द्वारा चलाया गया है। जिसके अंतर्गत थाना आष्टा में 13 जनवरी को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पोक्सों संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि कानूनी प्रावधानों के माध्यम से बच्चों के साथ होने वाले यौन व्यवहार और यौन शोषण को प्रभावी ढंग से रोकने हेतु लाया गया था।

यह लैंगिक रूप से तटस्थ कानून है इसके अंतर्गत लड़कियों के साथ ही लड़कों को भी 18 वर्ष से कम उम्र के सभी बच्चों को अवैध यौन गतिविधियों के विरूद्ध संरक्षण दिया गया है। उक्त शिविर का संचालन बाबू कलेशरिया द्वारा किया गया है। शिविर में थाना प्रभारी श्री गिरीश दुबे, सहायक निरीक्षक रामचरण नारोलिया, सुरेन्द्र परमार, लखन लाल वैद्य, एवं सृजन कार्यक्रम के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पखनी में मकर संक्रांति पर हुई पतंग प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रीतेश जोशी के निर्देशन, महाप्रबंधक राजेश विजयवर्गीय के मार्गदर्शन में भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित भोपाल कैम्प आष्टा जिला सीहोर में दुग्ध सहकारी समिति मर्यादित पखनी में मकरसंक्रांति के उपलक्ष्य पर पतंग प्रतियोगिता का आयोजन दुग्ध समिति के प्रदायकों के बच्चों द्वारा भाग लिया। जिसमें पतंग प्रतियोगिता कुर्सी दौड़ रस्सा कस्सी प्रतियोगिता 100 मीटर दौड़ आदि प्रतियोगिता करवाई इस अवसर पर प्रथम आऐ बालक बालिकाओं को नगद राशि और शील्ड देखकर पुरस्क्रत किया गया किया गया। इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी केएस दुगरिया द्वारा उपस्थित सभी प्रदायकों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी व संघ द्वारा संचालित कल्याणकारी योजना की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में मार्ग पर्यवेक्षक लोकेन्द्रसिंह ठाकुर, सुनील वर्मा, अर्जुन सिंह मेवाड़ा, धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, अभिषेक मेवाड़ा सहित ग्राम के सभी वरिष्ठ जन समिति के प्रबंधकारिणी के सदस्य अध्यक्ष सचिव उपस्थित रहे।

# स्वदेशी अपनाओ-देश बचाओ के संकल्प के साथ जैन संघटना जिला इकाई ने मनाया युवा दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सीएम राइज सांदीपनी विद्यालय, मुगली रोड आष्टा में भारतीय जैन संघटना जिला इकाई सीहोर (आष्टा) द्वारा युवा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वदेशी अपनाओ–देश बचाओ का संकल्प जागृत करना रहा।

इस अवसर पर नवागत उप संचालक शिक्षा/विकासखंड शिक्षाधिकारी (बीईओ) सलोनी शर्मा, बीआरसीसी अजब सिंह राजपूत एवं सांदीपनी विद्यालय के प्राचार्य सितवत खान का जैन संघटना जिला इकाई की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। सम्मान जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति जैन, जिला महामंत्री एडवोकेट पल्लव जैन (प्रगति) और नरेंद्र गंगवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रीति जैन ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ऐसे महान व्यक्तित्व थे जिन्होंने युवाओं को सही दिशा दिखाकर राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा दी। भारतीय जैन संघटना युवाओं, विशेषकर युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने एवं उनके जीवन को सुरक्षित रखने के लिए न केवल प्रेरित करती है, बल्कि उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान करती है।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी सलोनी शर्मा ने कहा कि यह जानकर प्रसन्नता हुई कि ऐसा संगठन भी है जो बेटियों और युवाओं को मार्गदर्शन व प्रेरणा प्रदान कर रहा है। भविष्य में यदि किसी भी प्रकार की आवश्यकता होगी तो निश्चित रूप से जैन संघटना से सहयोग लिया जाएगा, क्योंकि संगठन के पास प्रशिक्षित प्रशिक्षक उपलब्ध हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी जितेंद्र जैन, जिनी अनिरुद्ध जैन सहित जैन संघटना के पदाधिकारी, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# वार्डों में पेयजल की शुद्धता को जांचने लिए नमूने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी



नगर परिषद कोठरी में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर परिषद अध्यक्ष नगीना राधेश्याम दलपति और सीएमओ नरेंद्र सिंह जाटव के आदेशानुसार सभी वार्डों से पेयजल के नमूने एकत्र कर जल की शुद्धता जांच हेतु मान्यता प्राप्त शासकीय प्रयोगशाला में भेजे गए थे। प्रयोगशाला से प्राप्त जांच रिपोर्ट के अनुसार नगर के सभी वार्डों का पानी शुद्ध एवं पीने योग्य पाया गया है।नगर परिषद कोठरी आमजन को यह आश्वस्त करना चाहती है कि वर्तमान में नगर में आपूर्ति किया जा रहा पेयजल पूर्णतः सुरक्षित है। इसके बावजूद, नागरिकों की सेहत को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद सभी नागरिकों से अपील करती है कि वे अतिरिक्त सावधानी के तौर पर पानी को उबालकर ही पीने में उपयोग करें।नगर परिषद कोठरी नगरवासियों के स्वास्थ्य एवं स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी नियमित रूप से जल की गुणवत्ता की जांच करवाई जाती रहेगी।

### 2 वार्डों में की जल सुनवाई

**देवास।** वार्ड क्रमांक 24 मिश्रीलाल नगर मे पार्षद रितु सवनेर के साथ जल सुनवाई मे रहवासियों के साथ चर्चा की। जिसमें सिवरेज का पानी चेम्बर से रोड पर आने की शिकायत तथा डाली गई सिवरेज लाईन में कुछ स्थानों पर रेस्टोरेशन नही किया गया था। जिसमें सडक पर आ रहे पानी की तत्काल सफाई करवाने के साथ रेस्टोरेशन का कार्य शीघ्र करवाये जाने हेतु उपयंत्री जीवन रावत एवं पार्षद सवनेर द्वारा कहा गया। वहीं वार्ड 22 जवाहर नगर में वार्ड मे भ्रमण करते हुये वार्ड पार्षद प्रतिनिधि महेन्द्र देशमुख द्वारा उपयंत्री रावत के साथ रहवासियों के साथ चर्चा कर जल सुनवाई की गई। जिसमें एक स्थान से प्राप्त गंदे पानी की शिकायत होने पर मौके पर ही निगम, अमृत मित्र की टीम द्वारा पानी का सैंपल लेकर पानी जांच की गई। रहवासी एवं पार्षद प्रतिनिधि के समक्ष जांच मे पानी की गुणवत्ता सही पाई गई।

# बिना लाइसेंस के व्यवसाय करने वालों पर निगम दिख रहा सख्ती, दुकानें होंगी सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर में बिना (ट्रेड) लाइसेंस के व्यवसाय करने या लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं करवाने वालों पर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशानुसार निगम लाइसेंस प्रभारी हेमंत उबनारे, स्वच्छता निरीक्षक भूषण पंवार, हरेंद्रसिंह ठाकुर, संदीप सांगते, ओमप्रकाश पथरोड़, विजय सांगते, अनूप सांगते, वार्ड 39 दरोगा विकास सांगते, लाइसेंस वसूलीकर्ता चंद्रशेखर ठाकुर, गोविंद डागरे, साजिद शेख, रिमूवल टीम दरोगा अबरार पठान व उनकी टीम द्वारा सूतार बाखल, ईदगाह रोड़, जवाहर चैक, वार्ड 20 विकास नगर, वार्ड 18 पटेल नगर में चालानी कार्यवाही की गई। निगम की टीम ने लगभग 50 दुकानों पर कार्यवाही की। आयुक्त ने कहा कि निगम सीमा में संचालित होने वाले प्रत्येक व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को व्यावसायिक अनुज्ञप्ति लेना अनिवार्य है, जिन लोगों ने लाइसेंस नहीं लिया या नवीनीकरण नहीं करवाया है वे नगर निगम कार्यालय में लाइसेंस शाखा में संपर्क कर नया लाइसेंस अथवा नवीनीकरण अनिवार्य रूप से करवा ले। निरीक्षण के दौरान व्यवसाय (ट्रेड) लाइसेंस नहीं पाए जाने पर ऐसे दुकानदारों व व्यापारियों पर निगम दंडात्मक एवं चालानी कार्यवाही करेगा। साथ ही निगम लोक निर्माण विभाग की टीम को शहर मे एवं शहर के मुख्य मार्गो पर बने शापिंग मॉल, भवनों में एमओएस के विरूद्ध की जाने वाली कार्यवाही में कम्पाउंडिंग के निर्देश दिए।

# अग्निवीर में चयनित हुए विद्यार्थी का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



सांदीपनि विद्यालय में अध्यनरत पूर्व छात्र कुलदीपसिंह पिता नारायणसिंह कलेशरिया ग्राम सेठगुराडिया के रहने वाले हैं जो की एक गरीब परिवार के विद्यार्थी थे। का आज विद्यालय परिवार में आपके पिता की उपस्थिति में स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थी कुलदीपसिंह ने उपस्थित विद्यार्थियों के मध्य कहा कि अकबर सिद्दीकी सर के मार्गदर्शन में मैं कक्षा 11वी और 12वीं यहां से उत्तीर्ण की है और नियमित अभ्यास और अपने लक्ष्य को निश्चित कर प्रयास किए है जिसका परिणाम आज आप सभी के सामने इस अवसर पर मुनेंद्रसिंह तोमर,लोकेंद्रसिंह, पवन राठौड़,सुजाता मालवीया ,धर्मेंद्र खत्री, कमलेश खत्री, रामस्वरूप वर्मा, राजेंद्र बरेठा, बंटी राठौर,राहुल कुमावत आदि उपस्थित थे।

## सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय में हुई खेल गतिविधियां

# गिल्ली-डंडा जैसी पारंपरिक खेल प्रतियोगिताएं भी हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के सांदीपनि (सी.एम. राइज़) शासकीय उमावि आष्टा में 14 जनवरी मकर संक्रांति के अवसर पर सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत क्रिकेट, रस्साकशी, बैडमिंटन एवं पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया। क्रिकेट मैच का आयोजन प्राचार्य इलेवन विरूद्ध उप प्राचार्य इलेवन के मध्य हुआ।

इसके उपरांत रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य सितवत खान ने बताया कि मकर संक्राति के अवसर पर भारत में पतंग प्रतियोगिता, गिल्ली डंडा जैसे पारंपरिक खेल का आयोजन होता है, उसी तारतम्य में विद्यालय में भी विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थी एवं शिक्षकों ने भिन्न भिन्न खेल प्रतियोगिता में सहभागिता की। प्राचार्य ने कहा कि खेल न केवल हमें शारिरीक रूप से स्वस्थ्य रखते है, बल्कि मानसिक एवं भावनात्मक मजबूती भी प्रदान करते है। खेलों से सामाजिक कौशल, आत्मविश्वास एवं नैतिक मूल्यों का भी विकास होता है। संस्था के वरिष्ठ शिक्षक अंत्येश धारवां ने खेल महोत्सव के पुरस्कार वितरण समारोह में समस्त खिलाड़ी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। जिससे हमें हार और जीत दोनों का अनुभव होता है। इस विद्यालय से अनेक विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई करें और अपनी ऊर्जा को खेल कूद आदि में लगाकर अपने विद्यार्थी जीवन में तनाव मुक्त रहे। खेल शिक्षिका सुनंदा वर्मा ने शिक्षिकाओं की भी विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई, जिनमें शिक्षिकाओं ने बहुत ही उत्साह के साथ सहभागिता करी। शिक्षक भूपेन्द्र सिंह ने शानदार कमेन्ट्री करी। विकासखण्ड क्रीड़ा प्रभारी डी.एस. मांडवा ने खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन में विशेष भूमिका निभाई। प्राचार्य सितवत खान ने सांसद खेल महोत्सव में सहभागिता करने वाले सभी खिलाड़ियों से अपील की है, कि वो दिनांक 17 जनवरी को होने वाले सांसद खेल महोत्सव में अच्छी तैयारी के साथ आएं और खेल भावना का परिचय दे।

शासन द्वारा खेलो को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है और उत्कृष्ट खिलाड़ियों को भी शासकीय सेवाओं में प्राथमिकता दी जा रही है। माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र. भोपाल द्वारा भी हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों को बोनस अंक भी प्रदान किए जाते है। खेल प्रतियोगिता में पवन कुमार राया, जितेन्द्र धनवाल, प्रकाश यादव, तेजपाल सिंह, भूपेन्द्र सिंह, जसपाल सिंह, विजय हाटेकर, रवि प्रकाश मालवीय, रवि सोलंकी, गोपाल कोली, संदीप राठौर, अरविंद ठाकुर, दिनेश प्रजापति, वीरेन्द्र सिंह, धीरज शर्मा, राजेश मालवीय, वीरेन्द्र सिंह ठाकुर, विनोद मेवाड़ा, सतीश वर्मा, प्रकाश यादव, आशीष कुमार मालवीय, संदीप जायसवाल, कमलेश सिसोदिया, राजेन्द्र मौर्य, महेश नरगावा, जीवन सिंह, डी.एस. मांडवा, अभिषेक चौहान, राजेश राठौर, आशीष विश्वकर्मा आदि ने सहभागिता की।

# विहिप बजरंग दल ने किया गोशाला का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड जावर के अंतर्गत अरनिया गाजी गोशाला का निरीक्षण जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर और जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में प्रखंड अध्यक्ष लाखन सिंह ठाकुर एवं विश्व हिंदू परिषद की समस्त टीम के साथ गोशाला का निरीक्षण किया। भूसे की क्वालिटी एवं पानी की व्यवस्था सुचारू एवं व्यवस्थित चलाने के लिए वहां के संचालक को निर्देशित किया, एवं साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का जोर दिया। गोशाला में आज विश्व हिंदू परिषद के खंड मंत्री शोभाल सिंह ठाकुर का जन्म दिवस भी मनाया एवं संक्रांति के पावन पर्व पर गौ माता को गुड का भोग लगाया। निरीक्षण के दौरान विश्व हिंदू परिषद के अरनिया गाजी के कार्यकर्ता व हर्निया गांव के कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। प्रखंड के उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह ठाकुर ,गौ रक्षा प्रमुख मनोहर सिंह ठाकुर, प्रखंड सुरक्षा प्रमुख मनोज ठाकुर, ग्राम इकाई हर्निया गांव अध्यक्ष श्रीराम ठाकुर, सेवा प्रमुख देवेंद्र प्रजापत, सदस्य घासीराम वर्मा उपस्थित थे।